OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Ph: 748596731

प्रेस विज्ञप्ति

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में 'समावेशी शिक्षण' विषय पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

आज दिनांक 20.04.25 को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय समावेशी शिक्षण अर्थात् हर बच्चे के लिए समान शिक्षा का अवसर रहा। इस प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के 60 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता ने विषय विशेषज्ञ रेखा नायडू एवं ममता कुमारी, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, एकेडमिक कॉर्डिनेटर रविशेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा एवं नर्सरी विंग प्राचार्या सोमा घोष के साथ मंत्रोचार ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर स्वागत अभिभाषण में विद्यालय के वरिष्ठ के० आर० झा शिक्षक ने विषय विशेषज्ञों की उपलब्धियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया, तथा समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में हर बच्चे को शिक्षा का समान अधिकार दिया गया है। इस हेतु यह अति आवश्यक है कि विद्यालय और समाज समावेशी शिक्षण को समझें और यथोचित सभी विद्यालय में इसकी व्यवस्था हो। इसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करना विद्यालय का उद्देश्य है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान और गतिविधियाँ आयोजित की गईं - समावेशी शिक्षा की अवधारणा और महत्व, विविध जरूरतों वाले बच्चों की पहचान, प्रभावी शिक्षण विधियाँ, सहायक तकनीक और संसाधनों का उपयोग, सकारात्मक कक्षा का वातावरण निर्माण आदि।

विद्यालय के सभी उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संबंधित गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने विचार साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि कक्षा शिक्षण को भी व्यापक बनाने वाला था।

एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता ने इस कार्यक्रम को शिक्षकों के लिए बहुत हीं फलदायी बताया, तथा कहा कि हर तरह के बच्चों को समान रूप से शिक्षा का अधिकार है और हमें उनके अनुरूप हीं उन्हें शिक्षित करना होगा तथा समाज में बराबर का स्थान दिलाना हमारा उद्देश्य होगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय में सतत इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों और विशेषज्ञों को धन्यवाद देते हुए आशा व्यक्त की, कि शिक्षण के दौरान प्रत्येक शिक्षक को इस प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। समाज में समानता आएगी भेदभाव मिटेगा और सभी बच्चों का समान रूप से विकास होगा।

****